दिनांक 6 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

दुकान/चबूतरा/ गुमटी का सर्वे कार्य हुआ पूर्ण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत दुकान/चबूतरा, महिला समृद्धि बाजार योजना के दुकान , पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वालंबन योजना के अंतर्गत गुमटी का सर्वेक्षण कार्य किया जा चुका है !यह सर्वेक्षण कार्य इसलिए किया गया है कि पुराने दुकान जर्जर अवस्था में तो नहीं है , क्षतिग्रस्त तो नहीं हुए हैं, यदि हुए हैं तो आगे किस प्रकार से इन्हें व्यवस्थित किया जाए , कितने ऐसे दुकानें हैं जो आवंटित हुए व्यक्ति ने किसी दूसरे को किराए में दे दिया है , कितने ऐसे लोग हैं जो बिना आवंटन के व्यवसाय कर रहे हैं ताकि इन सभी का कार्ययोजना तैयार कर व्यवस्थित किया जा सके! किए गए सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक निर्मित कुल 358 दुकान में से 18 अवैध कब्जा धारी, 176 चबूतरा में से 2 अवैध कब्जा धारी 175 गुमटी जिसमें से 17 अवैध कब्जा धारी है की जानकारी प्राप्त हुई है! सर्वेक्षण के पश्चात प्राप्त सर्वे रिपोर्ट के अनुसार , एमआईसी सदस्य बाजार एवं राजस्व नीरज पाल की अध्यक्षता एवं डॉ दिवाकर भारती विशेष आमंत्रित सदस्य की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई जिसमें विभिन्न निर्णय लिया गया है! बैठक में सचिव टी.पी लहरें , सदस्य ए.के. द्विवेदी , सदस्य जितेंद्र कुमार ठाकुर , सदस्य पी.सी. सार्वा , सदस्य विद्याधर देवांगन उपस्थित थे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!